हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 249 | देहरादून, बुधवार, 29 मार्च, 2023 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08



मुख्यमंत्री धामी ने चारधाम यात्रा की तैयारियों की समीक्षा में दिए निर्देश 3

## आखिरकार जी-20 सम्मेलन के इंतजार की घड़ियां अब खत्म

# 17 देशों से 38 प्रतिनिधियों का रामनगर में हुआ पहाड़ी स्वागत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रामनगर , 29 मार्च , आखिरकार स्टेज सज गया और धामी सरकार ने तहे दिल से किया विशिष्ट मेहमानों का पारम्परिक स्वागत .. नैनीताल के रामनगर में होने वाली चीफ साइंस एडवाइजर राउंड टेबल कार्यक्रम की पहली बैठक दो दिन चलेगी। इसके लिए जब मेहमानों ने देवभूमि में कदम रखा तो उन्हें पहाड़ की संस्कृति और सभ्यता का नमूना दिखाई दिया जहाँ कलाकारों ने मेहमानों के स्वागत में छोलिया नृत्य की प्रस्तुति दी।

जी-20 सम्मेलन के इंतजार की घड़ियां त्म हुयी और 28 से 30 मार्च तक तीन दिन के लिए मेहमान पंतनगर एयरपोर्ट पर देवभूमि पहुंचे जहाँ 17 देशों से 38 प्रतिनिधियों का शानदार स्वागत करते हुए पहाड़ की संस्कृति का प्रदर्शन हुआ । मेहमानों के पहुंचने पर टीका लगाया गया। छोलिया नृत्य से उनका स्वागत किया गया। इसके बाद 20 वीआइपी बसों ये विदेशी मेहमान होटल के लिए रवाना हुए।

आपको बता दें कि जी-20 समिट में शामिल होने के लिए रसिया से चार, नाइजीरिया से दो, रिपब्लिक आफ कोरिया से एक, यूनाइटेड स्टेट आफ अमेरिका से दो, ब्राजिल से एक, पीपुल रिपब्लिक आफ चाइना से दो, यूनाइटेड किंगडम से पांच, जापान से एक, फ्रांस से तीन, इटली से दो, साऊथ अफ्रीका से तीन, स्पेन से एक, आस्ट्रेलिया से एक, नीदरलैंड से दो, यूरोपियन संघ से दो, सऊदी अरब से चार और कनाडा से दो सहित कुल 38 प्रतिनिधि शामिल हैं।










पंतनगर एयरपोर्ट से बाहर आने पर मेहमानों को तिलक लगाकर उत्तराखंड की टोपी पहनाई गई। इसके बाद छोलिया नृत्य से उनका स्वागत किया गया। यहां से मेहमान जर्मन हेंगर टेंट में गए। अतिथि पंतनगर एयरपोर्ट से सीधे रुद्रपुर के रेडिसन ब्लू होटल पहुंचेंगे। यहां से कुमाऊंनी के साथ अन्य व्यंजनों का लुत्फ लेने के बाद रामनगर के लिए रवाना होंगे।

नैनीताल के रामनगर में होने वाली चीफ साइंस एडवाइजर राउंड टेबल कार्यक्रम की पहली बैठक दो दिन चलेगी। इसके बाद 25 से 27 मई को नरेंद्रनगर, ऋषिकेश में दूसरी बैठक होगी। यह बैठक भ्रष्टाचार विरोधी कार्य समूह की होगी। तीसरी बैठक नरेंद्रनगर, ऋषिकेश में ही 26 से 28 जून को होगी। इस बैठक में इंफ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप मंथन करेगा।

## मुख्यमंत्री पहुंचे रामनगर, किया पैदल निरीक्षण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रामनगर 29 मार्च , उत्तराखण्ड के रामनगर में प्रथम बार जी-20 सम्मेलन के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा क्षेत्र का भ्रमण किया गया। सीएम धामी के डिग्री कॉलेज रामनगर पहुंचने पर लोक सांस्कृतिक छोलिया दलों के साथ ही स्थानीय महिलाओं द्वारा कुमाऊँनी परिधान में एकत्र हो कर फूलों की वर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री धामी द्वारा डिग्री कालेज से पैदल ही मार्ग का निरीक्षण किया गया। मार्ग की दीवारों पर उत्तराखण्ड की संस्कृति को उकेरा गया है, उसे देखकर सीएम धामी गौरवान्वित हुये। मुख्यमंत्री ने मार्ग की पेंटिंग को देखकर स्वयं फोटो खिचवाई।

सीएम रामनगर की बदली तस्वीर देखकर प्रफुल्लित हुये। जी- 20 की मेजबानी के चलते मार्ग में जिन लोगों के अव्यवस्थित आवासीय भवन थे उनका सौंदर्यीकरण जिला प्रशासन द्वारा करने पर क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री धामी द्वारा



जीआईसी ढिकुली विद्यालय का लोकार्पण किया गया। जीआईसी ढिकुली स्कूल में सौन्दर्यीकरण एवं फर्नीचर की व्यवस्थायें उच्चकोटी के साथ सुसज्जित की गई है। सीएम धामी द्वारा विद्यालय की बाल वाटिका एवं झूलों का भी निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने ढिकुली गर्जिया मन्दिर पहुंचकर माता के दरबार में पूजा अर्चना की तथा प्रदेश में अमन एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। उन्होंने गर्जिया मन्दिर के सौंदर्यीकरण हेतु प्रस्ताव सिंचाई विभाग को 15 अप्रैल तक देने के निर्देश दिये। इस अवसर पर विधायक दीवान सिंह बिष्ट, राकेश नैनवाल, इन्दर रावत, दिनेश मेहरा, चौहान चन्द्र इसके साथ ही जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, एसएसपी पंकज भटट, मुख्य अभियंता सिंचाई संजय शुक्ल, प्रभागीय वनाधिकारी कुंदन कुमार, एसडीओ पूनम के साथ ही गणमान्य एवं क्षेत्रीय जनता उपस्थित थी।

## डीएम विनय शंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार। जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में अर्थ गंगा परियोजना एवं सुपरवाइजरी समिति के सम्बन्ध में एक बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी को बैठक में अपर जिलाधिकारी( प्रशासन) पी0एल0 शाह ने अर्थ गंगा परियोजना एवं सुपरवाइजरी समिति के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। जिलाधिकारी ने मुख्य कृषि अधिकारी से अर्थ गंगा परियोजना की दृष्टि से जनपद हरिद्वार के धार्मिक व सांस्कृतिक नगरी होने की वजह से फूलों की खेती को बढ़ावा दिये जाने के सम्बन्ध में किये जा रहे प्रयासों के सम्बन्ध में जानकारी ली तो मुख्य कृषि अधिकारी विजय देवराड़ी ने बताया कि जनपद में फूलों की मांग होने के कारण इसकी खेती को निरन्तर बढ़ावा दिया जा रहा है। अधिकारियों ने यह भी जानकारी दी कि मशरूम, स्ट्राबेरी आदि ऐसे फसलों को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिनसे उत्पादनकर्ता को अधिक से अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त गंगा के किनारे पांच किलोमीटर के क्षेत्र में नेचुरल खेती की जा रही है, संगन्ध पौधा के अन्तर्गत लालढांग क्षेत्र में लेमन ग्रास की खेती की जा रही है तथा फसल बीमा योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक किसानों को अच्छादित किया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि अर्थ गंगा परियोजना के तहत हल्दी तथा अदरक की खेती को बढ़ावा देकर किसानों की आर्थिकी को मजबूत किया जाये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आर्गेनिक फार्मिंग से इको सिस्टम में कैसे इजाफा होगा, के सम्बन्ध में वातावरण तैयार किया जाये एवं इस बारे में एक रिपोर्ट भी देना सुनिश्चित करें।

बैठक में डीएफओ मयंक शेखर झा ने बताया कि पर्यावरण के संरक्षणार्थ जनपद में हरेला पर्व सहित पौधा रोपण के कई कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं, जिसके तहत चार लाख के लक्ष्य के सापेक्ष साढ़े तीन लाख पौंधों का रोपण किया जा चुका है, जो निरन्तर जारी है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जितना अधिक पौंधा रोपण हो जायेगा, वह प्रकृति के लिये उतना ही अच्छा होगा।

# बढ़ रही है ऑनलाइन ठगी, इस से पहले आप हो जाए शिकार सुरक्षित रहने के लिए ये तरीके आएंगे काम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

साइबर ठगी के तरह तरह के मामले सामने आते रहते हैं। ऐसे में यूजर की जरा सी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। खासकर इंटरनेट के इस्तेमाल के दौरान यूजर को सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। खास कर नई टेक्नोलॉजी जैसे ए आई चैटबॉट के आने से ऑनलाइन ठगी के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। साइबर ठग अलग- अलग तरीकों का इस्तेमाल कर अपना जाल बिछाते हैं।यही नहीं, कई बार असली लगने वाली वेबसाइट की तरह ही फेक वेबसाइट डेवलप की जाती है। इन वेबसाइट्स पर फेक सॉफ्टवेयर के डाउनलोडिंग लिंक्स शेयर किए जाते हैं। जैसे ही यूजर असली सॉफ्टवेयर समझ डाउनलॉडिंग लिंक पर क्लिक करता सेकंडों में मालवीय की एंट्री पीसी में हो जाती है।

यह मालवेयर साइबर ठग को यूजर के डिवाइस का कंट्रोल देकर ठगी की राह आसान बना देता है। हालांकि, कुछ तरीकों से साइबर ठगी से बचा जा सकता है। आइए जानते हैं कौन से तरीके आपके काम आ सकते हैं-



**अकाउंट के पासवर्ड होने चाहिए स्ट्रॉन्ग**

यूजर को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में काम से जुड़े कई ऑनलाइड पासवर्ड सेट करने होते हैं। कई बार बैंकिंग पासवर्ड भी ऑनलाइन की बनाए जाते हैं। बहुत से यूजर्स को पासवर्ड याद रखने में परेशानी आती है। वहीं कई सारे पासवर्ड याद रखना भी एक मुश्किल काम होता।

यही वजह है कि यूजर आसान पासवर्ड को सहूलियत के लिए सेट कर लेता है, जबकि ऑनलाइन पासवर्ड हमेशा यूनिक बनाने की ही सलाह दी जाती है। ऐसे पासवर्ड के लिए लेटर, सिंबल और नंबर के कॉम्बिनेशन का ही इस्तेमाल करना चाहिए।

**ईमेल को ठीक से चेक करना बेहद जरूरी**

किसी भी यूजर के लिए एक ही दिन में ढेर सारे मेल आने एक कॉमन बात है। हालांकि, इनमें से कई मेल ऐसे होते है, जो यूजर के लिए किसी काम के नहीं होते।ऐसे मेल से सावधान रहने की जरूरत दी जाती है, क्योंकि कई बार ऐसे मेल में यूजर को किसी तरह का कोई लालच देकर लिंक पर क्लिक करने को कहा जाता है। लिंक पर क्लिक करना, मालवेयर को एंट्री देना हो सकता है।

**फोन को रखें अपडेट**

ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के लिए आपके फोन का अप टू डेट रहना भी जरूरी है। कई बार यूजर्स समय और नेट की बचत के लिए अपडेट को टाल देते हैं।ऐसा करना किसी खतरे को खुद बुलावा देना हो सकता है। इसलिए, सिस्टम द्वारा भेजे गए अपडेट को तुरंत इंस्टॉल करने की सलाह दी जाती है।

# उमेश डोभाल स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार की घोषणा





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी, 29 मार्च, प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला उमेश डोभाल स्मृति समारोह इस बार 8 व 9 अप्रैल, 2023 को चमियाला (टिहरी) में सम्पन्न होगा। ट्रस्ट द्वारा चमियाला में स्थानीय आयोजन के साथ मिलकर इसकी तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। ट्रस्ट की एक बैठक में प्रतिवर्ष दिये जाने वाले सम्मान और पुरस्कारों की भी घोषणा कर दी गयी है।

इस वर्ष प्रतिष्ठित उमेश डोभाल स्मृति सम्मान जनसंघर्षों के जरिये लोक कल्याण के लिए समर्पित जोशीमठ बचाओ अभियान के संयोजक अतुल सती को दिया जायेगा। उमेश डोभाल स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार (प्रिन्ट मीडिया) टनकपुर के हिमांशु जोशी को दिया जायेगा।

उमेश डोभाल स्मृति ट्रस्ट द्वारा एक ऑनलाइन बैठक के बाद सम्मान और पुरस्कारों की घोषणा की गयी। ट्रस्ट के अध्यक्ष गोबिन्द पंत 'राजू' ने बताया कि बैठक में अनेक नामों पर चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि इस वर्ष-2023 का उमेश डोभाल स्मृति सम्मान अतुल सती (जोशीमठ) को दिया जाय। बैठक में उनके जनसंघर्षों के जरिये जनहित के कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गयी और मूल्यांकन के बाद पाया गया कि डाराखण्ड में पर्यावरण



एवं जलविद्युत परियोजनाओं के सवाल पर वे लम्बे समय से सक्रिय रहे। जोशीमठ के संदर्भ में जल, जंगल और जमीन को बचाने हेतु अभियान का संचालन ही नहीं किया अपितु जनसंघर्षों को धार देते हुए रेलिंग में चारागाह बचाने और जोशीमठ को भूधर साव की आपदा से बचने हेतु आंदोलनों का नेतृत्व भी किया और इसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय फलक तक भी पुहँचाया।

ट्रस्ट द्वारा इस वर्ष का राजेन्द्र 'राजू' जनसरोकार सम्मान नैनीताल में शिप्रा कल्याण समिति के अध्यक्ष जगदीश नेगी को दिये जाने का निर्णय लिया गया। श्री नेगी लम्बे समय से जनसरोकारों से जुड़े हैं और उन्होंने नैनीताल में शिप्रा नदी की स्वच्छता एवं अविरल प्रवाह हेतु सार्थक प्रयास किये हैं। गिरीश तिवारी 'गिर्दा' सम्मान इस वर्ष भास्कर भौर्याल (बागेश्वर) को दिया जायेगा। युवा भौर्याल गिर्दा की संस्कृति और जन गीतों की परंपरा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। उमेश डोभाल स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार (प्रिन्ट मीडिया) इस वर्ष जनपक्षीय पत्रकारिता के लिए हिमांशु जोशी (नैनीताल) को दिया जायेगा। इसी तरह जनसरोकारों और जनपक्षीय खबरों के लिए उमेश डोभाल स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया) के लिए कमलेश भट्ट (चम्पावत) एवं उमेश डोभाल स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार (सोशल मीडिया) के लिए जयदीप सकलानी (देहरादून) को पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की गयी है। ये सभी सम्मान व पुरस्कार उमेश डोभाल स्मृति समारोह चमियाला (टिहरी) में 9 अप्रैल, 2023 को दिये जायेंगे। बैठक में समारोह हेतु एक स्मारिका प्रकाशन का निर्णय लिया गया तथा दिनांक 25 मार्च, 2023 को उमेश डोभाल की पुण्यतिथि को उनके पैतृक गाँव सिरोली में आयोजित कार्यक्रम हेतु स्थानीय ग्राम वासियों का आभार व्यक्त किया गया।बैठक में ट्रस्ट के अध्यक्ष गोबिन्द पन्त (राजू), कार्यकारी अध्यक्ष बिमल नेगी, महासचिव आशीष नेगी कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र सिह नेगी, डॉ० योगेश धस्माना, दिनेश डोभाल, रवि रावत, वीरेन्द्र खंकरियाल, मनोहर चमोली, डॉ० कमलेश मिश्रा, नरेश नौडियाल, प्रदीप रावत, विनय शाह, सुभाष आर्य आदि शामिल थे।

# क्या आप जानते है, बैंक में लंच ब्रेक नहीं होता

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट, 29 मार्च : बैंकों लंच ब्रेक में जी हां, बैंक कर्मियों द्वारा लंच टाइम बोलकर ग्राहकों के साथ अब कोई मनमानी नहीं चलेगी। आरटीआई के सवालों के जवाब में रिजर्व बैंक ने साफ-साफ जवाब दिया है, कि कार्य अवधि में बैंक कभी भी अपने काउंटर या टेलर बंद नहीं कर सकते। कार्य अवधि में यदि कोई खाताधारक पहुंच गया तो उसके कार्यों का निष्पादन बैंक को करना ही होगा, चाहे उसे कैश को छोड़कर अन्य कार्यों के लिए कार्य अवधि क्यों न बनानी पड़े।

आरटीआई के जरिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, मुंबई से यह पूछा था कि एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा समेत अन्य बैंकों में क्या कोई लंच टाइम होता है? लंच टाइम में बैंककर्मी लेन-देन संबंधी सेवा अपने ग्राहकों दे सकता या नहीं ? दोनों सवालों के हाल में भेजे गए जवाब में कहा गया है कि आरबीआई के डिपार्टमेंट ऑफ बिजनेस रेगुलेशन ने बैंकों में कार्य अवधि के दौरान कोई लंच टाइम यानी लंच ब्रेक की व्यवस्था नहीं दी है। आरटीआई के खुलासे में हम उपभोक्ताओं को यह बता दें कि आरबीआई ने बैंकिंग सिस्टम के सुचारू संचालन के लिए कार्य अवधि शुरू होने से 15 मिनट पहले बैंक कर्मचारियों के पहुंचने का नियम तय किया हुआ है।

आरबीआई ने बैंक मैनेजरों और अन्य अधिकारियों को निर्बाध सेवाओं के लिए यह सुनिश्चित करने के लिए कहा हुआ है कि शाखाओं में कार्य अवधि के दौरान कोई भी काउंटर या टेलर बंद न रहे।बैंकों को यह हिदायत है कि इससे संबंधित किसी ग्राहक को शिकायत का मौका न दें। आरबीआई का यह निर्देश भी कम लोग जानते हैं कि कार्य अवधि खत्म होने से पूर्व बैंक हॉल में प्रवेश कर चुके सभी ग्राहकों को अटेंड करना बैंकों के लिए जरूरी है। यहां तक कि कैश को छोड़कर चेक, रिसिप्ट समेत अन्य लंबित कार्यों के लिए यदि जरूरत पड़े तो बैंक को कार्य अवधि एक घंटा अतिरिक्त बढ़ाने का निर्देश है।



हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# मुख्यमंत्री धामी ने चारधाम यात्रा की तैयारियों की समीक्षा में दिए निर्देश





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 29 मार्च , आगामी चार धाम यात्रा के लिए स्थानीय लोगों के पंजीकरण की अनिवार्यता को खत्म किया जाए। देवभूमि उत्तराखण्ड आने वाले सभी श्रद्धालुओं को उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा में दर्शन करवाये जायेंगे। जिन श्रद्धालुओं ने चारधाम यात्रा के लिए होटलों एवं होमस्टे में बुकिंग करा ली है, उनकी दर्शन के लिए भी व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के दौरान ये निर्देश अधिकारियों को दिये।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि व्यवस्थित, सुगम एवं सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाय। देवभूमि उत्तराखण्ड आने वाले श्रद्धालु चारधाम यात्रा के साथ राज्य के अन्य प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों पर भी जाएं, इसके लिए राज्य के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों के बारे में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार भी किया जाए।

इसके लिए पर्यटन, पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा विभिन्न माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाया जाए। वोकल फॉर लोकल बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री ने श्रद्धालुओं से अपने यात्रा व्यय का 05 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करने की अपील की है। राज्य में स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए कुछ उत्पादों को व्यापक स्तर पर प्रमोट किया जाए। जीएमवीएन में भी स्थानीय उत्पादों को रखा जाए। राज्य के स्थानीय उत्पादों की जानकारी आमजन तक पहुचांई जाय। चारधाम यात्रा मार्गों पर क्रैश बैरियर की समुचित व्यवस्था की जाए। यात्रा मार्गों पर पार्किंग स्थलों पर वाहन चालकों की रहने एवं सोने की समुचित व्यवस्था हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी चारधाम यात्रा के लिए पुलिस द्वारा भीड़ प्रबंधन के लिए समुचित व्यवस्था की जाए। श्रद्धालुओं से जो भी आवश्यक जानकारी लेनी है, केवल एक बार राज्य के एन्ट्री प्वाइंट पर ली जाय। यह सुनिश्चित किया जाए कि देवभूमि उत्तराखण्ड आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। चारधाम यात्रा के लिए जिन-जिन विभागों से कार्मिकों की ड्यूटी लगती है, उन विभागों से जो कार्मिक स्वेच्छा से चारधाम ड्यूटी पर जाना चाहते हैं, उन्हें पहले प्राथमिकता दी जाए।

चारधाम यात्रा पर जो भी स्वास्थ्य शिविर लगाये जा रहे हैं, उन्हें व्यवस्थित तरीके से लगाया जाए। चारधाम यात्रा के लिए यात्रा मित्र के तौर पर कुछ स्थानीय लोगों को रखा जाए। यात्रा मार्गों पर पार्किंग स्थलों में वाहन चालकों के रहने एवं सोने की व्यवस्था की जाए। चारधाम यात्रा पर आने वाले वाहनों की फिटनेस का विशेष ध्यान रखा जाए, इसके लिए अन्य राज्यों से भी समन्वय किया जाए।

बैठक में मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, अरविंद सिंह ह्यांकी, सचिन कुर्वे, एच.सी. सेमवाल, गढ़वाल आयुक्त सुशील कुमार, आईजी गढ़वाल के.एस. नगन्याल, आईजी रिद्धिम अग्रवाल, अपर सचिव सी. रविशंकर, एमडी जीएमवीएन विनोद गिरी गोस्वामी, वर्चुअल माध्यम से जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग मयूर दिक्षित, जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना एवं जिलाधिकारी उत्तरकाशी अभिषेक रूहेला उपस्थित थे।

## अपर मुख्य सचिव ने ली राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 84वीं बैठक

### यात्रा मार्गों पर बढ़ाई जाए बैंक की शाखाएं और एटीएम की संख्या-एसीएस



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 29 मार्च , अपर मुख्य सचिव वित्त आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ( एसएलबीसी ) की 84वीं बैठक आयोजित की गई। एसएलबीसी की बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव ने चारधाम यात्रा मार्गों पर आगामी वित्तीय वर्ष में नई बैंक शाखा खोलने हेतु लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही यात्रा शुरू होने तक केदारनाथ और यमुनोत्री में एटीएम और मोबाइल एटीएम को स्थापित करने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि बैंक व ज़िला प्रशासन के सहयोग से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजन ( PMJJBY ), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना ( PMSBY ) और अटल पेंशन योजना ( APY ) का व्यापक प्रचार प्रसार कर जिला स्तरीय बैठकों में स्थाई एजेंडा में शामिल करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव ने बागेश्वर, चम्पावत, रुद्रप्रयाग में जिला सहकारिता बैंक की स्थापना में आ रही अड़चनों को दूर करने के लिए आवश्यक सुझाव शासन को भेजने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही प्रदेश में ऋण जमा अनुपात को बढ़ाने हेतु प्रभावी कदम उठाने हेतु राज्य में एसएलबीसी की उपसमिति का गठन करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रदेश में विभिन्न योजनाओं हेतु लोन आवेदनों की स्वीकृति अधिक से अधिक बढ़ाने हेतु भी उपसमिति के गठन के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त नाबार्ड के ज़रिए विकास खंड स्तर पर रूरल हाट बनाने के निर्देश दिए। बैठक में कुल 18 बिंदुओं चर्चा में शामिल किया गया था। बैठक में सचिव कृषि बी वी आर सी पुरूषोतम, अपर अपर सचिव ग्राम्य विकास डॉ. आनंद स्वरूप, अपर सचिव पर्यटन डॉ. पूजा गर्ब्याल, क्षेत्रीय निदेशक आरबीआई लता विश्वनाथन, मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड विनोद कुमार बिष्ट समेत शासन के वरिष्ठ अधिकारी व बैंक अधिकारी उपस्थित रहे ।

## मुख्यमंत्री घोषणाओं की 10 दिनों में पॉलिसी ड्राफ्ट तैयार करें अफसर : मुख्य सचिव



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा की गई घोषणाओं के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री घोषणाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिन घोषणाओं पर तत्काल कार्य शुरू किया जा सकता है, उन पर शीघ्र कार्य शुरू किया जाए, जिन घोषणाओं के पूर्ण करने के लिए पॉलिसी बनाए जाने की आवश्यकता है, अगले 10 दिनों में पॉलिसी ड्राफ्ट तैयार कर लिया जाए।मुख्य सचिव ने सभी घोषणाओं के पूर्ण होने की समयावधि निर्धारित कर लिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को किराए में 50 प्रतिशत छूट के लिए सम्बन्धित विभाग पॉलिसी तैयार कर लें। उन्होंने लैब ऑन व्हील योजना के तहत जनपदों को मोबाइल लैब उपलब्ध कराए जाने के निर्देश सम्बन्धित विभागों को दिए।मुख्य सचिव ने बाल क्रीड़ा स्थलों की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु जो भी मास्टर प्लान बनाए जा रहे हैं, उन सभी मास्टर प्लानों में प्ले ग्राउंड्स की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इसके लिए स्कूल और कॉलेजों के ग्राउंड्स को प्रयोग किए जाने के लिए स्कूल कॉलेज प्रबंधन से वार्ता की जाए, प्ले ग्राउंड्स की मेंटेनेंस राशि सरकार द्वारा व्यय की जाएगी।

मुख्य सचिव ने सभी घोषणाओं के पूर्ण किए जाने के लिए समयसीमा निर्धारित किए जाने के निर्देश देते हेतु लगातार मॉनिटरिंग किए जाने की बात कही।इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, अरविन्द सिंह ह्यांकी, सचिन कुर्वे, डॉ.बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम, रविनाथ रमन, डॉ. आर. राजेश कुमारी एवं दीपेंद्र कुमार चौधरी सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# देहरादून मेट्रो का सपना साल 2026 तक होगा साकार

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 29 मार्च : देहरादून मेट्रो प्रोजेक्ट लम्बे समय से प्रस्तावित है जिसमे काफ़ी उठा-पठक के बाद मेट्रो बोर्ड का गठन हुआ, जैसे जैसे बोर्ड और सरकार की तरफ़ से इस मामले में कोई नई सूचना जारी होती है तब-तब वो खबरें समाचार पत्रों के जरिये हम तक पहुँचती हैं लेकिन अब तक भी मेट्रो को सरपट दौड़ते हुए देखने को लेकर बात साफ़ नहीं हो पाई है. आख़िर कहाँ अटका है पेंच, क्यूँ मेट्रो नहीं दौड़ पाई अब तक, कब तक देहरादून वासी मेट्रो को देख पाएंगे?

जानिये सरवर कमाल के साथ इस इंटरव्यू में सारे सवालों के जवाब उत्तराखंड मेट्रो रेल कारपोरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर जितेंद्र त्यागी से।





**प्रश्न - अब तक देहरादून मेट्रो क्यों नहीं चल पाई, कहाँ काम अटका है?**

उत्तर- मेट्रो एक कॉस्ट इंटेंसिव प्रोजेक्ट है और इनके निर्णयों में राज्य सरकार का ही नहीं बल्कि केंद्र सरकार का भी बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहता है क्यूँकि उत्तराखण्ड मेट्रो को केंद्र से भी फंडिंग लेनी है, प्रक्रिया ये है कि राज्य सरकार की स्वीकृति के बाद प्रोजेक्ट को भारत सरकार के पास भेजा गया था वहां पर इस प्रोजेक्ट के दो-तीन प्रोसेस के चरण पूरे हो चुके हैं लेकिन इस बात पर चीज़ रुकी हुई है कि भारत में अब तक नार्मल मेट्रो का निर्माण हुआ है ये पहली बार है कि भारत ने ही इसके स्पेसिफिकेशन दिए थे जिसका नाम है मेट्रो नियो। मेट्रो और नियो मेट्रो में मुख्य अंतर टायरों का है नार्मल मेट्रो में स्टील के टायर होते हैं जबकि नियो मेट्रो में रबड़ के टायर होते हैं. देहरादून में मेट्रो नियो को एलिवेटेड चलाने का प्लान है क्यूंकि देहरादून में अंडरग्राउंड चलाने के लिए जगह कम है. ये टेक्नोलॉजी भारत में नई है तो केंद्र सरकार के स्तर पर चिंतन चल रहा है कि हम जो पुरानी मेट्रो की तकनीक है वही जारी रखें या या नई तकनीक का इस्तेमाल किया जाए जो कि सस्ती भी पड़ती है. उम्मीद है जल्दी स्वीकृति मिल जायेगी।

**प्रश्न- नियो मेट्रो के फ़ायदे और नुक़सान क्या-क्या हैं ?**

उत्तर- नियो मेट्रो का फ़ायदा इसका कम ख़र्चीला होना है, दूसरा इसका एक बड़ा फायदा ये है कि देहरादून शहर में फ्यूचर एक्सपेंशन मे बहुत लाभदायक हो सकता है मेट्रो नियो रबड़ टायर बेस्ड होती है इसलिए ये बहुत सीधी ढलान पर चल सकती है जबकि नॉर्मल मेट्रो जो स्टील व्हील्स पर होती है वप 3 से 5 प्रतिशत चढ़ाई पर ही चढ़ पाती है उसके आगे हम उसको नहीं चढ़ा सकते, अभी हमारे प्लान के मुताबिक़ देहरादून में चढाई वाले एरिया कम ही हैं लेकिन कुछ बहुत सारे एरिया ऐसे भी हैं जहाँ तिरछी ढलाने भी हैं अगर हम भविष्य में मेट्रो का विस्तार भी करते हैं और उन स्थानों पर मेट्रो के लिए जाते हैं जहाँ जगह कुछ पहाड़ी है, चढ़ाई है या तेज़ घुमावदार रास्ते हैं तो वहां ये तकनीक बहुत फ़ायदे वाली है ये 12-13 परसेंट तिरछी और चढ़ाई वाली ढलानों पर चल सकती है इसके साथ ही 30-40 मीटर रेडियस घुमाव पर आसानी से घूम सकती है तो इन सब बातों को देखते हुए देहरादून के निकट विज़न के हिसाब से मेट्रो नियो एक अच्छी तकनीक है. नुक़सान के नाम पर सिर्फ़ इतना कहा जा सकता है कि इसकी कैपेसिटी सीमित है लेकिन वो नुक़सान हमारे लिए नहीं है क्यूंकि हमें उतनी कैपेसिटी की आवश्यकता ही नहीं है और अगले 50 सालों के पोजेशन में भी हमे उतनी कैपेसिटी की आवश्यकता नहीं होने वाली। तो कुल मिला कर मेट्रो नियो की तकनीक देहरादून फ्यूचर विज़न के हिसाब से उपयुक्त है.

**प्रश्न- आप कितना महसूस करते हैं कि देहरादून में मेट्रो की ज़रूरत आन पड़ी है?**

उत्तर - देहरादून में मेट्रो की ज़रूरत तो तबसे है जब मैंने 2017 में ज्वाइन किया था, भारत के जिन शहरों में आवश्यकता है हम उसके 5 साल, 10 साल कहीं 20 साल बाद मेट्रो बना पा रहे हैं. आप अगर दिल्ली की बात करें तो दिल्ली में पहली डीपीआर 1972 में बनी थी लेकिन हमने 1998 में जाके काम शुरू किया। ऐसे ही अगर देहरादून में भी देखें जो रोड कंजेशन है, ऐसा नहीं की देहरादून शहर में व्हीकल्स बहुत ज़्यादा हैं लेकिन रोड की कैपेसिटी है उसके हिसाब से संतुलन नहीं बन पा रहा है जगह जगह जाम लगा रहता है क्यूंकि रोड्स में एक फैक्टर होता है जिसे वी बाई सी कहते हैं जिसमे किसी भी रोड की कैपेसिटी उसकी चौड़ाई पर निर्भर करती है, देहरादून में कई रोड्स ऐसी हैं जिसकी चौड़ाई के हिसाब से वाहनों की तादाद पीक समय पर ज़्यादा हो जाती है जिस से वहां पर जाम की स्तिथि बनती है, तो मेट्रो यहाँ बहुत आवश्यक है लेकिन हम पहले ही इसको लेकर लेट हैं.

**प्रश्न- प्रदेश में युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार है तो मेट्रो को लेकर उनका कितना रुझान है क्यूंकि वो जो भी काम कर रहे हैं ऐक्शन मोड में कर रहे हैं?**

उत्तर - मेट्रो का प्रोजेक्ट माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी ने ही यहाँ से स्वीकृत कर के भारत सरकार को भेजा है, उस से पहले बहुत समय से हम इसके लिए लगे हुए थे धामी जी के आते ही उन्होंने इस प्रोजेक्ट में बहुत दिलचस्पी दिखाई और यही नहीं कि केवल भेज दिया बल्कि आगे ये लक्ष्य हासिल करने के लिए भी वो तैयार हैं उन्होंने सम्बंधित मंत्रालय को इस विषय में पत्र लिखे हैं, प्रधानमंत्री ऑफिस को भी पत्र लिखे हैं अपनी तरफ़ से वो पूरी कोशिश कर रहे हैं, क्यूंकि तकनीकी मामला है नई तकनीक से जुड़ा है तो थोड़ा समय लग रहा है पर हमे आशा है कि जिस तरह से प्रयास जारी हैं कोई न कोई निर्णय हो जाएगा।

**प्रश्न- आप एक ज़िम्मेदार और ऐक्टिव अधिकारी हैं तो देहरादून मेट्रो का प्रोजेक्ट आप देख रहे हैं तो फ़िलहाल मेट्रो को लेकर निकट भविष्य और भविष्य मे मेट्रो का परिदृश्य कैसे देखते हैं?**

उत्तर- मेट्रो अल्टीमेटली अगर आप देखें तो उत्तराखण्ड में दो एरिया ऐसे हैं जहाँ बहुत विकास संभव है क्यूंकि प्लेन एरिया दो ही हैं एक देहरादून वैली का एरिया है दूसरा रुद्रपुर हल्द्वानी वाला. हमने जो देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश, रूड़की, विकासनगर इन सब एरिया को मिला कर ही हमने मेट्रो पॉलिटिन एरिया घोषित कराया था जो राज्य सरकार ने पहले ही घोषित कर दिया है जिसका उद्देश्य ये है कि ये अब एक क्षेत्र है जो भी विकास होगा इस पूरे क्षेत्र को ध्यान में रख कर होगा और जो मास्टर प्लान हम लोगों ने बनाया है मेट्रो का उसमे पहले फेज में हम देहरादून में दो कॉरिडोर दे रहे हैं उसके अलावा हरिद्वार, ऋषिकेश का कनेक्शन और फ़िर इन दोनों कॉरिडोर्स को नेपाली फॉर्म से देहरादून का कनेक्शन वो भी उस मास्टर प्लान मे पहले ही दिखाया हुआ है. हमारा फ्यूचर विज़न यह है कि अंतिम रूप से ये सारे शहर आपस मे मेट्रो से कनेक्ट होकर के इसके बीच में जो जगह है जहाँ बहुत कम विकास है तो इसके जरिये वहां भी एक बड़ा और अच्छा विकास कर एक प्लान्ड सिटी का विकास कर सकते हैं.

**प्रश्न- मेट्रो चलने से चार धाम यात्रा पर क्या असर पड़ेगा?**

उत्तर - देहरादून मेट्रो का चार धाम यात्रा से कोई सीधा सम्बन्ध नहीं है क्यूंकि मेट्रो टूरिस्ट के लिए नहीं बनती मेट्रो का मुख्य उद्देश्य शहर में रहने वाले लोगो का जो कहीं दैनिक आना-जाना होता है वहां से मेट्रो की सवारी हमे मिलती है. टूरिस्ट का एक अन्य लाभ मिल सकता है जो ख़ास अवसर पर होगी लेकिन उसके बेस पर मेट्रो नहीं चल सकती। लेकिन ये ज़रूर है की हरिद्वार ऋषिकेश का कनेक्शन हो जाएगा तो जो यात्री चार धाम को आते हैं वो मेट्रो आने के बाद हरिद्वार ऋषिकेश देहरादून जैसे शहरों को देखने के लिए रुक सकते हैं.

**प्रश्न- मेट्रो आने के बाद और किन-किन सैक्टर को फ़ायदा मिलेगा?**

उत्तर- मेट्रो आने से शहर के आम जन को फायदा मिलता है , दूसरा फ़ायदा प्रदुषण स्तर कम हो जाता है जो लोग अभी अपनी बाइक्स, स्कूटर और कारों से चलते हैं वो मेट्रो से सफ़र करने लगेंगे, को रोज़मर्रा का सफ़र करने वाले हैं उनका एक अच्छा आरामदायक, वातानुकूलित, सस्ता सफ़र मिलेगा, महिलाओं को मेट्रो से सफर करने के लिए सुरक्षित मोड़ मिलता है, रोड पर दुर्घटनाएं कम होती हैं.

**प्रश्न- देहरादून वासियों को मेट्रो से सम्बंधित क्या मैसेज देना चाहेंगे?**

उत्तर - देहरादून वासियों ने इतनी देर प्रतीक्षा की है तो मुझे उम्मीद है कि जल्दी ही ये उनका सपना पूरा होगा और जैसे ही भारत सर्कार से स्वीकृति प्राप्त होगी हम जी जान लगा कर के इस प्रोजेक्ट को पूरा कराएंगे।

**प्रश्न- लगभग कब तक हम देहरादून में मेट्रो दौड़ती हुई देख सकते हैं?**

उत्तर- देखिये इस साल के अंत तक भी अगर स्वीकृति मिलती है तो 2026 में हम मेट्रो को ज़रूर देख सकते हैं.

देहरादून में मेट्रो की ज़रूरत तो तब से है जब मैंने 2017 में ज्वाइन किया था-MD, DMRCदेहरादून में चलेगी रबड़ के पहियों वाली मेट्रो नियोमेट्रो नियो देहरादून में अधिक कारगरमेट्रो का प्रोजेक्ट माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी ने ही यहाँ से स्वीकृत कर के भारत सरकार को भेजादेहरादून में जाम और सड़क दुर्घटनाओं से मिलेगी निजातमुख्य प्लेन शहरों को मेट्रो कनेक्ट करना फ्यूचर विज़नदेहरादून वासियों को जल्द मिलेगा आरामदायक, सुरक्षित और सस्ता सफ़र

# इन आदतों को आज ही सुधारें, नहीं तो उम्र से पहले बूढ़ा हो जाएगा दिमाग

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 29 मार्च : एक्सरसाइज न करने से और हमेशा सुस्त-सुस्त रहने से दिमाग बूढ़ा होने लगता है. इसलिए आपको हमेशा एक्टिव रहना चाहिए. क्योंकि एक्टिव रहना आपकी बॉडी के लिए भी फायदेमंद होता है. कुछ लोग शराब का सेवन अधिक करते हैं. लेकिन क्या आपको पता है कि शराब का अधिक सेवन करने से आपके दिमाग की कोशिकाएं बूढ़ी होने लगती है. इसलिए शराब का सेवन करने से बचना चाहिए. स्मोकिंग करना आपकी सेहत के ही नहीं बल्कि आपके दिमाग के लिए भी हानिकारक होता है.

ज्यादा स्मोकिंग करने से आपको कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है. बहुत से लोगों को






ज्यादा मीठा खाने की आदत होती है. लेकिन क्या आपको पता है कि शुगरी फूड्स का सेवन करने से दिमाग सुकुड़ने लगता है और आपका दिमाद बूढ़ा होने लगता है. हरी सब्जियों का सेवन ना करने से आपकी स्किन और बालों के साथ-साथ आपके दिमाग पर भी असर पड़ा है.जी हां हरी सब्जियों का सेवन न करने से आपका दिमाग बूढ़ा होने लगता है.

# टिहरी जिला पंचायत बैठक में 45 करोड़ 20 लाख का बजट पास

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

नई टिहरी। जिला पंचायत की त्रैमासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से 45 करोड़ 20 लाख का वार्षिक बजट पास किया गया। जिसके बाद विभागों से विभागीय समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। विभागीय चर्चा के दौरान जनपद के सरकारी अस्पतालों में एक भी रेडियोलाजिस्ट न होने पर सदन में रोष जाहिर किया गया। जिले के दो सीएचसी में रेडियोलाजिस्ट की जिम्मेदारी डीएम डा सौरभ गहरवार के संभालने पर सदन में सराहना की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य विभाग की बदहाली को लेकर तमाम तरह की खामियां सामने आई। सदन में स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित सवालों के सीएमओ डा मनु जैन संतोषजनक जबाब नहीं दे पाये। जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण ने स्वास्थ्य विभाग को चेताते हुए कहा कि जिले के सर्वोच्च सदन में अधिकारी किसी भी हाल में बिना तैयारी के न आए। देखा जा रहा है कि बिना तैयारी के अधिकारी में सदन में पहुंचकर सदन का बहुमूल्य समय बर्बाद करने का काम कर रहे हैं। सदन में मौजूद डीएम डा सौरभ गहरवार ने भी अधिकारियों के बिना तैयारी आने के रवैये पर नाराजगी जाहिर कर इसमें सुधार लाने के निर्देश दिए। नरेंद्रनगर के प्रमुख राजेंद्र भंडारी ने सीएमओ जैन से इस बात को लेकर नाराजगी सामने रखी कि उन्होंने अटैचमेंट व्यवस्था को अब तक समाप्त नहीं किया है। ढालवाला अस्पताल जो कि ऋषिकेश के निटस्थ व सुगम है, में कई एएनएम, डाक्टरों व फार्मासिस्टों को अटैच किया हुआ है। जिससे नरेंद्रनगर के दूरस्थ इलाकों स्वास्थ्य केंद्र बदहाल हैं। अटैचमेंट खत्म न करने पर प्रमुख ने आंदोलन की चेतावनी दी। प्रमुख राजेंद्र भंडारी ने इस बात पर सवाल उठाये की हेपेटाइटस बी के टीकाकरण का ठेका प्रदेश से बाहर के एक एनजीओ को दिया गया है। एनजीओ के लोग बिना एक्सपर्ट के गांवों में टीकारकण कर रहे हैं।

# स्वदेश दर्शन योजना में सराहनीय कार्यों के लिए उत्तराखंड सम्मानित : सतपाल महाराज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई दिल्ली / देहरादून 29 मार्च , नई दिल्ली के अशोक होटल में आयोजित चिंतन शिविर में उत्तराखंड राज्य के टिहरी जनपद में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत निर्मित लॉग हट्स को बेस्ट लॉग हट्स की श्रेणी में रनर अप के तौर पर सम्मानित किया गया । राज्य को यह सम्मान पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वदेश दर्शन योजना के तहत अपनाए गये बेस्ट प्रेक्टिसेज़ एवं अच्छे कार्यों के एवज में प्रदान किया गया।इस दो दिवसीय चिंतन शिविर में विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि प्रतिभाग कर रहे हैं। उत्तराखंड से राज्य के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने चिंतन शिविर में सम्मिलित हुए । इस दौरान उन्हें पर्यटन राज्य मंत्री, भारत सरकार किशन रेड्डी द्वारा सम्मानित किया गया । इस अवसर पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा , ₹ उत्तराखंड राज्य को मिला सम्मान हमारे द्वारा किए गये अच्छे कार्यों का द्योतक है। हाल ही में राज्य को साहसिक, जिम्मेदार व सतत पर्यटन में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए सम्मानित किया गया । इसके अलावा आज का यह सम्मान हमें और अच्छा करने के लिए प्रेरित करता है। स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत पिथौरागढ़ के आदि कैलाश, ओम पर्वत, मुनस्यारी , चंपावत जिले के चूका, में पर्यटन अवस्थापनाओं के लिए विकासाधीन हैं। वहीं हेरिटेज सर्किट के लिए कटारमल , जागेश्वर , बैजनाथ देवीधुरा आदि स्थलों को विकसित किया जा रहा है।उन्होंने कहा, ₹ राज्य को लॉग हट श्रेणी में सम्मानित किया जाना अपने आप में गर्व का विषय है। राज्य को सर्वश्रेष्ठ लॉग हट गंतव्य बनाने के लिए स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत टिहरी स्थित सिराई में 20 लॉग हट्स का निर्माण किया गया है , जिसके लिए कुल 11 करोड़ 30 लाख की राशि आवंटित की गयी । लॉग हट आधुनिक युग में पर्यटन के लिए मील का पत्थर साबित होगा । यह ईको फ्रेंडली होने के साथ साथ इंसुलेटर का भी काम करता है अर्थात इसमें ठहरने वाले पर्यटक गर्मी में शीतलता और ठंडी में गर्म माहौल का अनुभव कर सकते हैं₹।



# एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने किया थाना नेहरू कॉलोनी का वार्षिक निरीक्षण







न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 29 मार्च : पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून, द्वारा सर्वप्रथम थाना हाजा पर निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा सलामी गार्ड की साज-सज्जा एवं राइफल ड्रिल तथा थाना परिसर एवं थाना कार्यालय का रखरखाव साफ सफाई उच्च कोटि की पाये जाने पर , सलामी गारद में नियुक्त अधिकारी कर्मचारी गणों को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई उपलब्ध सरकारी संपत्ति व असहाय तथा दंगा नियंत्रण उपकरण , आपदा उपकरण का निरीक्षण किया गया, जिसका रखरखाव संतोषजनक पाया गया। थाना नेहरू कॉलोनी के अधिकारी/कर्मचारी गण को अपनी उपस्थिति में वेपन हैंडलिंग कराई गई , वेपन हैंडलिंग में उप निरीक्षक देवेश खुगशाल व कांस्टेबल आशीष राठी को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई तथा शस्त्रों की साफ सफाई संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।


तत्पश्चात उनके द्वारा थाना परिसर/भवन का निरीक्षण किया व बैरक का निरीक्षण किया गया व बाइक का रखरखाव व साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई। मालखाने का निरीक्षण किया गया जिसमें मालखाने के रखरखाव एवं संपूर्ण सरकारी संपत्ति को चेक किया गया तथा माल निस्तारण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया । हवालात ख़ाली व सफाई संतोषजनक पायी गयी ।

माल मुकदमाती व लावारिस व अन्य मामलों का निरीक्षण पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा थाना हाजा पर लंबित माल मुकदमाती, लावारिस , कुर्की आदि मालों का निरीक्षण किया गया l मालों के रखरखाव के संबंध में आवश्यक आदेश निर्देश दिए गए तथा एमवी एक्ट, लावारिश व अभियोगों से संबंधित मामलों का शीघ्र निस्तारण व नीलामी प्रक्रिया के जाने हेतु मालखाना मोहर्रिर को निर्देशित किया गया । कार्यालय/कंप्यूटर कक्ष तथा सीसीटीएनएस 'सीएएस ' सॉफ्टवेयर का किया निरीक्षण पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा थाना नेहरू कॉलोनी, कार्यालय , कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण करते हुए सीसीटीएनएस सीएएस सॉफ्टवेयर के संबंध में सभी अधिकारी व कर्मचारी गणों को उक्त सॉफ्टवेयर में निरंतर रूप से कार्य किए जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा सीएम पोर्टल अन्य पोर्टलों के माध्यम से प्राप्त होने वाली ऑनलाइन शिकायतों तथा चरित्र सत्यापन आदि को निश्चित समय सीमा के अंदर संबंधित अधिकारी/ विभाग को रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया l पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा थाना हाजा पर उपलब्ध सभी अभिलेखों का निरीक्षण किया गया, तथा सभी अभिलेखों को अध्यवधिक करने हेतु निर्देशित किया गया l अभिलेखों का रख-रखाव संतोषजनक पाया गया। तथा अभिलेखों को संबंधित शाखा व विभागों से मिलान किए जाने हेतु निर्देशित किया। एवं कार्यालय स्टाफ कांस्टेबल संजय पुरस्कृत करने की घोषणा की गई पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा अपराध नियंत्रण और रोकथाम तथा विवेचनाओ व शिकायती प्रार्थना पत्र एवं अन्य जांच अहकामात अदालत व पुलिस का समयबद्ध व शीघ्रता से विधिक नियंत्रण किए जाने तथा उच्चाधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे अभियानों में बढ़-चढ़कर रुचि लेने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान , पुलिस अधीक्षक नगर, सरिता डोभाल, क्षेत्राधिकारी मसूरी, अनिल जोशी, थानाध्यक्ष नेहरू कॉलोनी , व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# शरीर में विटामिन D की कमी से हो रही है परेशानी, इन फूड्स से जल्द मिलेगी राहत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 29 मार्च :विटामिन डी एक आवश्यक पोषक तत्व है, जिससे शरीर को मजबूती देने, हड्डियों के निर्माण समेत अन्य महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक है। विशेषज्ञ शरीर में विटामिन डी की कमी को स्वास्थ्य के लिए चिंताजनक मानते हैं। वैसे तो सूर्य अपने आप में विटामिन डी का एक बड़ा स्त्रोत है। लेकिन यूवी किरणों के चलते बहुत अधिक समय तक धूप में रहना हानिकारक हो सकता है। लेकिन प्रकृति ने कई ऐसे खाद्य पदार्थ भी दिए हैं, जो विटामिन डी से भरपूर है और इनके नियमित सेवन से शरीर में इसकी कमी को जल्द पूरा किया जा सकता है। सैल्मन उच्च गुणवत्ता वाली मछलियां लीन प्रोटीन और ओमेगा-3 फैटी एसिड का एक अच्छा स्रोत है। इसके अतिरिक्त, यह विटामिन डी से भी भरपूर होता है। पके हुए सामान में विटामिन डी के 447 आईयू होते हैं। अपने विटामिन डी के स्तर को बढ़ाने के लिए अपने आहार में सामान को शामिल करें। मशरूम विटामिन डी का एकमात्र शाकाहारी स्रोत है। इसका वैज्ञानिक नाम एगारिकस बाइस्पोरस है। यह पूरी दुनिया में व्यापक रूप से उपलब्ध है। धूप में सुखाए गए मशरूम विटामिन डी का एक उत्कृष्ट स्रोत हैं। अधिकांश मशरूम में प्राकृतिक रूप से विटामिन डी नहीं होता है। उन्हें विटामिन डी का उत्पादन करने के लिए यूवी प्रकाश उपचार की आवश्यकता होती है। मशरूम में मौजूद विटामिन डी की मात्रा यूवी प्रकाश की मात्रा पर निर्भर करती है। चीज हमारे आहार में शामिल करने वाले सबसे स्वादिष्ट चीजों में से एक है। इसमें फास्फोरस, प्रोटीन, वसा, विटामिन और कैल्शियम की मात्रा उच्च होती है। इसलिए अगर आपको चीज पसंद है तो इसे कच्चा ही खाएं। आप अपने सैंडविच में पनीर भी डाल सकते हैं या इसे अपनी ब्रेड पर फैला सकते हैं। हालांकि, इसका सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए। अंडे की जर्दी विटामिन डी का एक और स्रोत है जिसे आप आसानी से अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं। कई अन्य प्राकृतिक खाद्य स्रोतों की तरह, डीलक्स में विटामिन डी सामग्री होती है।




# दो पत्नियों ने पति का किया अनोखा बंटवारा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 29 मार्च , आपने लोगों में संपत्ति, धन और दूसरी चीजों के बंटवारे की बात तो खूब सुनी होंगी. लेकिन पत्नियों के बीच पति के बंटवारे की बात शायद ही सुनी है. जी हां, ग्वालियर से एक ऐसा ही अजीबोगरीब मामला सामने आया है. यहां परिवार न्यायालय में दो पत्नियों ने मिलकर एक पति का बंटवारा किया है. दोनों के बीच इस बात पर सहमति बनी कि पति तीन दिन एक पत्नी के साथ रहेगा और तीन दिन दूसरी पत्नी के साथ. जबकि रविवार के दिन यह पति पर निर्भर करेगा कि वो किस पत्नी के साथ रहना चाहता है.



**ग्वालियर फैमिली कोर्ट में 6 माह तक चला केस**

दरअसल, ग्वालियर फैमिली कोर्ट में 6 माह तक चले इस मामले के अनुसार पति हरियाणा की एक कंपनी में इंजीनियर है. उसकी शादी 2018 में ग्वालियर निवासी युवती के साथ हुई थी, जिसके बाद वह दो साल यानी 2020 तक पत्नी के साथ रहा, लेकिन कोरोना काल में वह अपनी पत्नी को उसके मायके ग्वालियर छोड़ आया और वापस आकर फिर से नौकरी करने लगा. इस बीच उसका ऑफिस में काम करने वाली एक महिला से अफेयर हो गया और दोनों ने शादी कर ली. वहीं, लॉकडाउन के बाद भी वह अपनी पत्नी को लेने नहीं गया और इस बात पर टालमटोल करने लगा.

**एक दिन खुद अपने पति की कंपनी पहुंच गई पहली पत्नी**

पहली पत्नी को जब कुछ शक हुआ तो वह एक दिन खुद अपने पति की कंपनी पहुंच गई. यहां उसको पता चला कि उसके पति ने ऑफिस में काम करने वाली एक अन्य महिला से शादी कर ली है. जिसके बाद महिला ग्वालियर फैमिली कोर्ट में पहुंची.यह केस 6 माह तक चलता रहा, लेकिन एक दिन दोनों पत्नियों के बीच बातचीत में समस्या का समाधान निकल आया. जिसके अनुसार यह तय हुआ कि पति सप्ताह में तीन दिन एक पत्नी के साथ और 3 दिन दूसरी पत्नी के साथ रहेगा. जबकि रविवार के दिन पति के मर्जी होगी वो किसके साथ रहना चाहता है. पति ने दोनों पत्नियों को रहने के लिए अलग-अलग घर दे दिया है और दोनों को देखभाल वो खुद करेगा.

# रायपुर पुलिस व SOG टीम को मिली बड़ी सफलता

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 29 मार्च : नाबालिग युवती से दुष्कर्म के अपराध में 09 माह से फरार चल रहे 25000/- के इनामी आरोपी को गैर राज्य महाराष्ट्र से किया गिरफ्तार। शिवपुरी कॉलोनी अधोईवाला थाना रायपुर जनपद देहरादून निवासी एक महिला ने थाना हाजिर आकर एक किता तहरीर बाबत खुद की नाबालिग पुत्री मीना( काल्पनिक नाम ) उम्र 13 वर्ष के साथ में नामजद अभियुक्त द्वारा छेड़खानी व दुष्कर्म करने के संबंध में लाकर दाखिल की दाखिला तहरीर के आधार पर थाना रायपुर में मुकदमा अपराध संख्या 334/22 धारा 363/366A/376 भादवि व 3/8 पोक्सो अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक भावना के सुपुर्द की गई। अभियोग पंजीकृत होते ही नामजद अभियुक्त लगातार फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु रू0 25000/- का इनाम घोषित किया गया ।

अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून के निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक अपराध व पुलिस अधीक्षक नगर तथा क्षेत्राधिकारी रायपुर के पर्यवेक्षण में थाना रायपुर व एसओजी की दो टीमें गठित की गई



। गठित पुलिस टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्रवाई करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु उसके घर रायबरेली में दबिश दी गई। तो अभियुक्त लगातार फरार चल रहा था । पुलिस टीम द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयास के फलस्वरूप, जानकारी मिली कि अभियुक्त अपने निवास स्थान रायबरेली से फरार होकर गैर राज्य महाराष्ट्र में छुपा हुआ है। जिसके परिणाम स्वरूप दिनांक 28.03.23 को अभियुक्त शादाब उर्फ समीर पुत्र शान मोहम्मद निवासी देवली थाना सलोन जिला रायबरेली उत्तर प्रदेश उम्र 22 वर्ष को मुंबई महाराष्ट्र से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जाएगा ।

# अब उत्तराखंड से जयपुर सिर्फ सवा घंटे का सफर, शुरू हो गई डायरेक्ट फ्लाइट




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 29 मार्च : उत्तराखंड में हवाई सेवाओं के विस्तार की कवायद जारी है। प्रदेश के जौलीग्रांट एयरपोर्ट से देश के प्रमुख शहरों के लिए हवाई सेवाएं संचालित की जा रही हैं। एयरपोर्ट में सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इसी कड़ी में एक अच्छी खबर ऊधमसिंहनगर जिले से आई है। यहां के पंतनगर शहर से जयपुर के बीच सीधी हवाई सेवा शुरू हो गई है। शुरुआत में जयपुर के लिए न्यूनतम किराया करीब 3500 रुपये (अलग-अलग तिथियों में कम या ज्यादा) निर्धारित किया है। इस फ्लाइट के शुरू होने से अब पंतनगर से जयपुर के बीच की दूरी मात्र सवा घंटे में तय की जा सकेगी। इससे लोगों का सफर आसान बनेगा। 26 मार्च को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने पंतनगर-जयपुर फ्लाइट का शुभारंभ किया। उन्होंने इस फ्लाइट से जा रहे वीरपाल सिंह व कुसुम लता को पहला बोर्डिंग पास सौंपा। पंतनगर से जयपुर के बीच इंडिगो एयर आज से रोजाना नॉनस्टॉप फ्लाइट संचालन करेगी। इसके लिए इंडिगो ने फ्लाइट शेड्यूल जारी कर टिकटों की बुकिंग भी शुरू कर दी है। बता दें कि इंडिगो एयरलाइंस ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को करीब एक माह पूर्व पंतनगर-जयपुर के बीच हवाई सेवा शुरू करने का प्रस्ताव दिया था। प्राधिकरण और कंपनी के बीच सभी नियम व शर्तों पर सहमति बन गई। जिसके बाद हवाई सेवा की शुरुआत हो गई।



# कैबिनेट मंत्री अग्रवाल ने किया रायवाला में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर का शुभारंभ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के फलस्वरूप प्रदेश स्तर 'जन सेवा' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे है, जिसके अन्तर्गत विधासभा ऋषिकेश के रायवाला अवस्थित खेल मैदान में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री/ क्षेत्रीय विधायक डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित और कन्या पूजन कर किया। बहुउद्देशीय शिविर में जनमानस की 75 शिकायतों प्राप्त हुई। माननीय मंत्री ने सभी शिकायते सुनेते हुए 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। शेष शिकायतों को सम्बंधित विभागों को प्रेषित करते हुए 15 दिन के भीतर निस्तारित करते हुए आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। शिविर में सर्वाधिक शिकायतें पेयजल, विद्युत और वन विभाग से संबंधित रही। इस दौरान मंत्री ने शिविर में लगी प्रदर्शनी और स्टॉल का निरीक्षण भी किया।



माननीय मंत्री डॉ अग्रवाल ने सरकार की एक साल की उपलब्धियों को भी जनता के सम्मुख रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री से पुष्कर सिंह धामी जी के कुशल नेतृत्व में एक साल में अनेक ऐतिहासिक फैसले लिए गए। कहा कि हमारी सरकार ने युवाओं के भविष्य को देखते हुए ऐसा सख्त नकल विरोधी कानून तैयार किया है, जो पूरे देश के लिए नजीर पेश करेगा। महिलाओं को सरकारी नोकरियों में क्षैतिज आरक्षण देने का विधेयक हमारी सरकार ने दिया है। कहा कि ऐसी तमाम ऐतिहासिक चाहे धर्मांतरण काम हो, यूनिफॉर्म सिविल कोड, सडक़, स्वास्थ्य, शिक्षा, बागवानी, औद्योगिक विकास, भ्रष्टाचार पर प्रहार, चारधाम सर्किट में आने वाले सभी मंदिरों और गुरुद्वारों में भौतिक ढांचे और परिवहन सुविधाओं के विस्तार, पर्वतीय क्षेत्रों में रोपवे नेटवर्क निर्माण के लिये पर्वत माला परियोजना, इको सिस्टम सेवाएं, चारधाम ऑल वेदर सडक़ योजना, भारत माला व पर्वत माला योजनायें तथा हवाई अड्डों का विकास आवागमन को आसान बनाने का कार्य जैसे फैसले हमारी सरकार ने एक साल के भीतर लिए हैं। कहा कि राज्य सरकार ने नशा आपूर्ति की श्रृंखला तोडऩे के लिए धामी सरकार ने पुलिस विभाग को और मजबूत बनाने तथा आबकारी व नशा नियंत्रक विभाग के साथ मिलकर काम करने का फैसला किया है। हमारी सरकार प्रदेश में दो सरकारी नशामुक्ति केंद्र बनाने जा रही है, जिसमें एक रायवाला में खुलेगा।

मननीय मंत्री अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार विकल्प रहित संकल्प और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से कार्य कर रही है। बीते 1 साल के भीतर राज्य सरकार का राज्य का ग्रोथ रेट बढ़ाना रहा है, जिसमें हम सफल भी हो रहे हैं। रायवाला। शिविर में राशन कार्ड न बनने की समस्या अधिकांश लोगों ने उठाई जिस पर मंत्री डॉ अग्रवाल ने क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारी विभूति जुयाल को 5 अप्रैल में कैंप लगाने के निर्देश दिए। शिविर में वार्ड नंबर 11 गौरी माफी में 100 मीटर रोड का मामला भी आया। जिस पर मंत्री अग्रवाल जी ने कहा कि इस संदर्भ में वह विधायक निधि से रोड बनाएंगे। शिविर में अधिकांश लोगों ने स्वामित्व कार्ड का भी मुद्दा उठाया। जिस पर मंत्री रक्त अग्रवाल ने तहसीलदार से इस संदर्भ में जानकारी ली। तहसीलदार अमृता शर्मा ने बताया कि वर्तमान में स्वामित्व कार्ड बनाने की वेबसाइट ब्लॉक हो रखी है। जिसके चलते कार्य प्रभावित है। इस पर मंत्री जी ने साइट को अनलॉक करने के लिए निर्देशित किया। शिविर में बंदरों के आतंक की भी समस्या सामने आई जिस पर मंत्री जी ने वन विभाग के अधिकारियों को चिडियापुर से टीम बुलाकर बंदर पकडऩे के अभियान चलाने के निर्देश दिए।

## संपादकीय

### अंगदान महादान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से अंगदान करने के लिए आगे आने का आह्वान किया है. अपने मासिक रेडियो संबोधन 'मन की बात' में उन्होंने यह रेखांकित किया कि एक व्यक्ति द्वारा किये गये अंगदान से आठ-नौ लोगों को जीवनदान मिल सकता है. प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि लोगों को अंगदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए अनेक नियम बनाये गये हैं. हाल में सरकार ने न्यूनतम आयु सीमा और निवास स्थान से संबंधित बाध्यताओं को समाप्त करने का निर्णय लिया है. अब कोई भी रोगी देश के किसी भी प्रांत में अंग प्रत्यारोपण के लिए अपना पंजीकरण करा सकता है. पहले यह नियम था कि 65 वर्ष से अधिक आयु का व्यक्ति अंगदान कर सकता है. पर अब इस प्रावधान को हटा दिया गया है. उल्लेखनीय है कि देश में अंग प्रत्यारोपण में बढ़ोतरी हो रही है. पिछले वर्ष 15 हजार से अधिक प्रत्यारोपण हुए थे. यह अब तक की सबसे बड़ी संख्या है. यद्यपि 27 प्रतिशत की यह वार्षिक बढ़ोतरी संतोषजनक है, लेकिन इसकी गति में तीव्रता आनी चाहिए. इसके लिए वर्तमान व्यवस्था और नियमों में अधिक सुधारों की आवश्यकता है. अंगदान और प्रत्यारोपण से संबंधित सभी संगठनों के बीच बेहतर समन्वय भी जरूरी है. एक बड़ी समस्या संसाधनों के अभाव के रूप में है. भारत में 640 से अधिक बड़े अस्पताल और मेडिकल कॉलेज हैं. लेकिन अंग प्रत्यारोपण की सुविधा बड़े शहरों के कुछ ही अस्पतालों तक सीमित है. विशेषज्ञ डॉक्टरों और कर्मियों की भी कमी है. इसलिए प्रत्यारोपण से जुड़े पाठ्यरमों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और संसाधनों का विस्तार होना चाहिए. ऐसा करने से अधिक लोग अंगदान कर सकेंगे और अधिक लोगों को नया जीवन मिल सकेगा. ऐसा करके हम प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान को साकार करने में सफल हो सकेंगे. अंगदान करने वाले व्यक्ति तथा अंग प्राप्त करने वाले व्यक्ति के परिजनों को ऐसा कर बड़ा संतोष और आनंद मिलता है. संसाधन और सुविधा के विस्तार से प्रत्यारोपण के खर्च में भी कमी आयेगी. हमारे देश की जनसंख्या का बड़ा हिस्सा कामकाजी आयु वर्ग (15-59 साल) से है और अपेक्षाकृत युवा है, परंतु बुजुर्गों की तादाद में भी बढ़ोतरी हो रही है. उनका जीवन अच्छा हो, इसके लिए जागरूकता और संचार बढ़ाने पर ध्यान दिया जाना चाहिए. इन प्रयासों में मीडिया, सचेत नागरिक संगठनों और विविध संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है.

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## पेंशनर्स को सातवें वेतनमान का लाभ देने की मांग

देहरादून। उत्तराखंड पेयजल पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में पेंशनर्स को सातवें वेतनमान का लाभ देने, अन्य विभागों की भांति गोल्डन कार्ड निर्गत करने समेत विभिन्न मांगें सरकार से की गई। उन्होंने होली से पहले पेंशन एवं वेतन का भुगतान होने पर प्रदेश सरकार का आभार जताया। देहरादून में मंगलवार को बल्लूपुर स्थित संघ भवन में एसोसिएशन की बैठक हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि मांगों को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र मुख्यमंत्री से मिलेगा। वक्ताओं ने कहा कि स्वीकृति के लिए प्रशासनिक विभाग को भेजे गए प्रस्तावों का अभी तक निस्तारण नहीं हो पाया है। इस दौरान 2016 से पूर्व रिटायर हुए पेंशनर्स की पेंशन संशोधन राशिकरण, उत्तर प्रदेश के 34 पेंशनर्स को उत्तराखंड में सातवें वेतनमान का लाभ देने, एक जनवरी 2016 से 31 दिसंबर 2016 के बीच सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स की संशोधित ग्रेच्युटी स्वीकृत करने आदि मांग की गई। मौके पर एसोसिएशन के संरक्षक अवधेष कुमार, प्रदेश अध्यक्ष पीएस रावत, उपाध्यक्ष मनमोहन सिंह नेगी, जीएस सलाल, आरके कांबोज, पीके अग्रवाल, गुरु प्रसाद भट्ट आदि मौजूद थे।

## कर्मचारी संघ ने सीजीएम का जताया आभार

देहरादून। उत्तराखंड जल संस्थान कर्मचारी संघ ने गोल्डन कार्ड का लाभ देने के आदेश करने पर सीजीएम नीलिमा गर्ग का आभार जताया। संघ के नवनियुक्त महामंत्री नंदलाल जोशी ने कहा कि लंबे समय से गोल्डन कार्ड का लाभ दिए जाने की मांग की जा रही थी, जो अब जाकर पूरी होने जा रही है। आभार जताने वालों में डीडी बलोनी, अमित जोशी, विरेंद्र सजवाण, दिलीप सिंह रावत, अमजद खान, मनोज कुमार, अनुसुइया प्रसाद पोखरियाल, विक्रम सिंह रावत, मुन्ना सिंह, कुंदन रावत मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मलिन बस्तियों का नियमितिकरण करवाए नगर निगम

देहरादून। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जनसमस्याओं को हल करने की मांग को लेकर नगर आयुक्त मनुज गोयल को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सभी ने मलिन बस्तियों का नियमितिकरण करने की मांग उठाई। साथ ही कहा कि निगम जनसमस्याओं को हल करने के लिए ठोस कदम उठाए। पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि मलिन बस्तियों में कई जगह पानी के कनेक्शन पर रोक लगाने की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि ऐसा करना सरासर गलत है। इसके अलावा उन्होंने अतिक्रमण हटाने,वार्डो में नए पोल पर स्ट्रीट लाइट लगवाने, डोर टू डोर कूड़ा उठान समय से करवाने, सफाई वाहनों में जीपीएस लगाने, प्रस्तावित विकास योजनाओं पर काम शुरू करने, नालियों के उपर स्लैब लगवाने, गांधी पार्क की ओपन जिम की मरम्मत करवाने, बस्तियों के टैक्स को लेकर स्थिति स्पष्ट करने समेत अन्य मांगों को भी प्रमुखता के साथ उठाया। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार, प्रदेश प्रवक्ता दीप वोहरा, मंजू उपाध्याय, मंजू तोमर, आनंद त्यागी, अर्जुन सोनकर, सचिन थापा, सुरेश चंद, हरेन्द्र चौधरी, सोमप्रकाश वाल्मीकि, अशोक शर्मा, सुनील बांगा,अनूप पासी, गुरु कौशल आदि मौजूद रहे।

### विक्रम वाहनों में सीएनजी किट लगाने की अनुमति मिले

देहरादून। विक्रम जन कल्याण सेवा समिति की बैठक में डीजल वाले विक्रम वाहनों को सडक़ से बाहर करने के फैसले का विरोध किया गया। संचालकों ने विक्रम वाहनों में सीएनजी किट लगाने की अनुमति देने की मांग की है, यह भी मांग की है कि जब तक किट लगाने की अनुमति नहीं दी जाती है, तब विक्रम वाहनों को सडक़ से बाहर नहीं किया जाए। मंगलवार को इंदिरा मार्केट स्थित यूनियन कार्यालय में आयोजित बैठक में सचिव संजय अरोड़ा ने कहा कि आरटीए ने दस या इससे अधिक पुराने डीजल वाले विक्रमों को 31 दिसंबर तक सडक़ से हटाने का निर्णय लिया है और बाकी बचे विक्रमों को 31 दिसंबर तक समय दिया है। संचालक डीजल वाले विक्रमों पर सीएनजी किट लगाने को तैयार है। आरटीओ से किट का परीक्षण भी कर दिया है, लेकिन अभी तक कंपनी को लगाने की अनुमति नहीं दी गई, जिस कारण विक्रम संचालकों में आक्रोश व्याप्त है। चेताया कि जब तक किट लगाने की अनुमति नहीं दी जाती तक विक्रमों को बाहर नहीं किया जाए। इस मौके पर उपाध्यक्ष पवन कुमार, सह सचिव शरद बहुगुणा, संजय धीमान, नदीम अहमद, विकेश जसल आदि मौजूद रहे।

### बोर्ड बैठक में लिए गए फैसलों पर जल्द हों आदेश

देहरादून। उत्तराखंड पेयजल पेंशनर्स एसोसिएशन ने बोर्ड बैठक में होने वाले फैसलों पर जल्द आदेश किए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की। बल्लूपुर चौक स्थित संघ भवन में हुई बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि 2016 से पहले रिटायर हुए पेंशनर्स की पेंशन संशोधित की जाए। राशिकरण का लाभ दिया जाए। यूपी के 24 पेंशनर्स को उत्तराखंड में सातवें वेतनमान का लाभ दिया जाए। गोल्डन कार्ड का लाभ जल्द दिया जाए। एक जनवरी 2016 से 31 दिसंबर 2016 के बीच रिटायर पेंशनर्स को संशोधित ग्रेच्युटी स्वीकृत की जाए। लंबित बकाया एरियर का जल्द भुगतान हो। बैठक में अध्यक्ष पीएस रावत, मनमोहन सिंह नेगी, जीएस सलाल, आरके कांबोज, पीके अग्रवाल, गरिमा नेगी, खीमचंद्र जुयाल, गुरु प्रसाद भट्ट आदि मौजूद रहे।

### पांच हजार से अधिक बकाए वालों के भी कनेक्शन काटेगा ऊर्जा निगम

देहरादून। पांच हजार से अधिक बिजली बकाए वाले उपभोक्ताओं के भी कनेक्शन काटे जाएंगे। मंगलवार को पूरे प्रदेश में 400 कनेक्शन काटे गए। ऊर्जा निगम को 1300 करोड़ का राजस्व मार्च महीने में वसूलना है। अभी तक 900 करोड़ रुपये वसूले जा चुके हैं। अब शेष तीन दिन में 400 करोड़ का राजस्व वसूला जाना है। ऊर्जा निगम ने इस वित्तीय वर्ष में 9000 करोड़ का राजस्व वसूलने का लक्ष्य तय किया था। अभी तक 8600 करोड़ का राजस्व वसूला जा चुका है। पूरा 9000 करोड़ का राजस्व वसूल कर ऊर्जा निगम एक प्रतिशत लाइन लॉस कम करने के अपने लक्ष्य को पूरा कर सकेगा। इस लक्ष्य को पूरा करने को ऊर्जा निगम ने सभी सरकारी विभागों से राजस्व वसूलने को नोडल अफसर तय किए हैं। अन्य कनेक्शनों को लेकर अभियान तेज कर दिया है। पांच हजार से अधिक जिन लोगों के भी बिजली के बिल बकाया है, उनके खिलाफ कनेक्शन काटने की कार्रवाई तेज कर दी गई है। एमडी ऊर्जा निगम अनिल कुमार ने बताया कि शत प्रतिशत राजस्व वसूली के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

### सुतन सिंह अध्यक्ष और जनेश्वर मंत्री चुने गए

देहरादून। उत्तराखंड रोडवेज इंपलाइज यूनियन पर्वतीय डिपो शाखा के चुनाव में अध्यक्ष सुतन सिंह और मंत्री जनेश्वर प्रसाद को चुना गया। इस मौके पर आईएसबीटी का स्वामित्व परिवहन निगम को देने के लिए सरकार का आभार जताया गया। मंगलवार को प्रांतीय कार्यालय में हुई सभा में गठित नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष और मंत्री के अलावा कोषाध्यक्ष गीता जुगरान और उपाध्यक्ष विशाल कुमार और विनोद कुमार को चुना गया। संयुक्त मंत्री वंदना सैनी, मो. इमरान, संगठन मंत्री मदनपाल, लेखा परीक्षक जितेंद्र कुमार, प्रचार मंत्री गुरनाम सिंह और कार्यालय सचिव केदार सिंह को चुना गया। प्रदेश महामंत्री रविनंदन कुमार ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और कर्मचारी और रोडवेज हित में हमेशा एकजुट रहने की अपील की। चुनाव चुनाव अधिकारी रमेश प्रसाद शर्मा और सुदेश शर्मा की देखरेख में संपन्न हुए।

### हैड कांस्टेबल राजेश ने तोड़ा दौड़ में 45 साल पुराना रिकार्ड

देहरादून। उत्तराखंड पुलिस के हैड कांस्टेबल राजेश कुमार ने आल इंडिया पुलिस एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 10 हजार मीटर दौड़ में 45 साल पुराना रिकार्ड तोड़ दिया। उन्होंने गोल्ड मैडल के साथ ये दौड़ 29.29.27 मिनट में पूरी कर नया कीर्तिमान बनाया। मंगलवार को प्रतियोगिता से लौटकर आए पदक विजेता खिलाडियों ने डीजीपी अशोक कुमार व पुलिस स्पोट्र्स कंट्रोल बोर्ड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडीजी अमित सिन्हा मुलाकात की। इस प्रतियोगिता में आरक्षी राजेश कुमार ने पांच हजार मीटर में भी स्वर्ण पदक जीता।

# राज्यपाल ने किया रामकृष्ण मिशन आश्रम की स्थापना की 125वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित "राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन" को संबोधित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को रामकृष्ण मिशन आश्रम की स्थापना की 125वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित ''राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन'' को संबोधित किया। राज्यपाल ने कहा कि युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहते हुए नए भारत के निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देना होगा। युवाओं को विवेकानंद जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना होगा, जो सम्पूर्ण समाज को एक नयी दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि युवा विकल्प रहित संकल्प से आगे बढ़ते हुए अपने सपनों को पूरा करें।

राज्यपाल ने कहा कि हमारा देश विकसित और समृद्ध भारत की राह में आगे बढ़ रहा है। विश्व गुरु, विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत के महान संकल्पों को हमें पूर्ण करना है। यह संकल्प युवाओं के दृढ़ विश्वास के बल पर ही पूर्ण हो सकता है।

उन्होंने उपस्थित युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के प्रेरणास्रोत ही नहीं रहे हैं बल्कि अपने विचारों से विश्व में भारतीय संस्कृति को स्थापित करने में उनका अतुलनीय योगदान रहा है। स्वामी विवेकानंद जी की शिक्षाएं हमें बताती हैं कि आप अपने स्वयं के कौशल हैं, आप स्वयं अपनी प्रेरणा बनें। उन्होंने कहा कि हमारा देश संस्कृति, विरासत और परम्पराओं से समृद्ध है।युवा इन्हें अपनी शक्ति के रूप में प्रयोग करते हुए अमृतकाल के इस दौर में भारत ही नहीं बल्कि दुनिया को एक नयी दिशा देने का काम करें।



राज्यपाल ने कहा कि आज का कौशल संपन्न युवा एक सही दिशा में प्रशिक्षित होकर विश्व की बदलती तकनीक के साथ गतिशील बन रहा है। युवा हर क्षेत्र में निपुणता हासिल करने के लिए विवेकानंद जी के विचारों से प्रेरणा लें। आज के समय में युवाओं को उनके विचारों और आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि भारत के युवाओं में एक अलग क्षमता और नेतृत्व की भावना है।



इस कार्यक्रम में रामकृष्ण मिशन आश्रम, देहरादून के सचिव स्वामी असीमात्मानंद, रामकृष्ण मिशन आश्रम चंढ़ीगढ के अध्यक्ष स्वामी अनूपानंद, लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक अकादमी की उपनिदेशक डॉ. अनुपम तलवार सहित विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# नशे के विरुद्ध सभी लोगों को एकजुट होकर एक जन आंदोलन बनाने की जरूरत : राज्यपाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून । राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) के समक्ष मंगलवार को राजभवन सचिवालय में उप क्षेत्रीय कार्यालय, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो(हृष्टक्च) के सहायक निदेशक देवानंद ने संस्थान के क्रियाकलापों व गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने उत्तराखण्ड में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए संस्थान द्वारा किये जा रहे उपायों की जानकारी दी।

राज्यपाल ने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन, भंडारण और तस्करी एक चुनौती के रूप में हमारे सम्मुख है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारी तंत्र के साथ-साथ सामाजिक संगठनों की भी बड़ी भूमिका है। नशे के विरुद्ध सभी लोगों को एकजुट होकर एक जन आंदोलन बनाने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि हम सभी को मिलकर उत्तराखण्ड को ड्रग्स फ्री करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि स्कूल, कॉलेज तथा विश्वविद्यालयों में बच्चों को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन संस्थान समय-समय पर करें। विशेषकर युवाओं को नशे व मादक पदार्थों की गिरफ्त में आने से रोका जाना जरूरी है। नशीले पदार्थों की आदत न केवल नशा करने वालों को प्रभावित करती है, बल्कि पूरे परिवार व समाज को भी नुकसान पहुंचाती है। युवा पीढ़ी पर तो इसका बहुत विपरीत असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि संस्थान को पुलिस के साथ मिलकर मादक पदार्थों के अवैध व्यापार में लिप्त लोगों व इसके नेटवर्क को जड़ से समाप्त करने के सामूहिक प्रयास करे।



राज्यपाल ने कहा कि मादक पदार्थों व नशे के व्यवसाय से जुड़े लोगों की पहचान व उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही जरूरी है। इसकी पहचान व मॉनीटरिंग के लिए मास मीडिया, सोशल मीडिया व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नई तकनीकी का प्रयोग किया जाय। उन्होंने संस्थान के अधिकारियों से कहा की रेखीय विभागों के साथ समन्वय कर, खुफिया नेटवर्क को मजबूत करते हुए समय-समय पर प्रवर्तन की कार्यवाही भी की जाय।

# अस्पताल में मरीजों को मिलने वाले खाने की हर दिन चेकिंग : डीएम आशीष चौहान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी। डीएम डॉ आशीष चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को राजकीय संयुक्त उपजिला चिकित्सालय श्रीनगर प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यालय कक्ष में बैठक लेते हुए डीएम ने सीएमएस को निर्देशित किया कि भोजन की गुणवत्ता व प्रतिदिन मरीजों के लिए बन रहे भोजन की जानकारी डिस्प्ले पर चस्पा करना सुनिश्चित करें। कहा कि डिस्प्ले पर जो मरीजों के लिए भोजन चस्पा किया गया है उसके अनुसार उन्हें भोजन मिल रहा है या नहीं उसका निरीक्षण करें।बैठक में नए वित्तीय साल के लिए पौने तीन करोड़ बजट पेश तो हुआ लेकिन इसका अनुमोदन नहीं हो सका। डीएम ने बजट को लेकर सीएमएस को अनुमोदित बजट



में स्पष्टता के उपरांत ही अनुमोदित करने को कहा। समीक्षा में पाया गया कि 2022-23 के लिए 2 करोड़ 50 लाख के सापेक्ष 1 करोड़ 72 लाख 95 हजार 763 की राशि खर्च हुई है।

बीते और इस साल अस्पतालों में एक्सरे, अल्ट्रासाउंड सहित अन्य उपकरणों का उपयोगकर्ता शुल्क की आख्या व अस्पतालों में किये गये निरीक्षण आख्या डीएम ने दो सप्ताह के भीतर देने को कहा। यह भी निर्देश दिये कि अस्पताल में तैनात 15 सफाई कर्मियों की डयूटी समय, बेड सीट धुलाई व प्रतिदिन मरीजों को लग रही बेड सीट की रिपोर्ट भी दी जाए। सीएमएस को अस्पताल में स्वीकृत व रिक्त पदों की जानकारी देने को भी कहा गया। इस बैठक में सीएमएस श्रीनगर गोविंद पुजारी, उपकोषाधिकारी नन्दन सिंह खत्री सहित समिति के सदस्य डॉ बीपी नैथानी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### किसान सीखेंगे कुक्कुट पालन का प्रशिक्षण

पौड़ी। कुक्कुट वैली परियोजना के तहत जिले के 40 किसानों का दल वैज्ञानिक कुक्कुट पालन प्रशिक्षण पंतनगर विश्वविद्यालय में 30 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। पौड़ी के किसानों के दल को मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे द्वारा कण्डोलिया पार्क से व पाबौ ब्लाक के किसानों को ब्लाक प्रमुख डा. रजनी रावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने बताया कि पौड़ी से 20 व पाबौ से 20 किसानों को 3 दिवसीय वैज्ञानिक कुक्कुट प्रशिक्षण में सहभाग करने पशुधन उत्पादन प्रबन्ध विभाग, पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय गोविन्द बल्लभ पंत कृषि व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उधमसिंहनगर भेजा गया है। कहा कि प्रशिक्षणार्थी भविष्य में कुक्कुट वैली योजना में प्रतिभाग करेंगे, जिसे सहकारिता विभाग उत्तराखण्ड के साथ अभिसरण करके गतिमान किया जाएगा।

### प्रदेश सरकार हर वर्ग के साथः पोरी

पौड़ी। प्रदेश सरकार के एक साल पूरे होने पर एकेश्वर और पौड़ी ब्लाकों में एक साल नई मिसाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनवाई गई। पौड़ी के विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि सरकार ने हर सभी वर्गों के लिए योजनाओं को धरातल पर उतराने का काम किया और सीएम पुष्कर सिंह धामी की अगुवाई में प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। इस मौमके पर बहुद्देशीय शिविरों का भी आयोजन हुआ। जिसमें बाल विकास, उद्यान, पशु पालन स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व आदि ने अपने स्टाल लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी साथ ही समस्याएं भी सुनी। एकेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर उनके पीआरओ राय सिंह नेगी ने हिस्सा लेते हुए कहा कि यहां के लिए कई योजनाओं की शुरूआत की गई है। भूमिया डांग पंपिंग योजना के लिए 25 करोड़, नौगांव पंपिंग योजना के लिए 14करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया। इनसे 52 ग्राम सभाओं के लोगों को लाभ मिलेगा। कहा कि माध्यमिक, प्राइमरी, उच्च शिक्षा के लिए पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने क्रमशः 1 करोड़ 94लाख, 2करोड़ 92लाख का बजट दिया है। ब्लाक प्रमुख नीरज पांथरी ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में जीआईसी नौगांवाखाल के छात्रों व शैलजा सांस्कृतिक समिति ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी। वहीं पौड़ी ब्लाक में ब्लाक में हुए कार्यक्रम में विधायक ने अत्योदय गैस रिफलिंग योजना के पात्र लोगों को कनेक्शन सौंपे व यूथ अवार्ड का भी वितरण किया। कार्यक्रमों में ब्लाक प्रमुख पौड़ी दीपक खुगशाल,बीजेपी जिलाध्यक्ष सुषमा रावत, सप्लाई निरीक्षक शैलेंद्र बडोला,एसडीएम संदीप कुमार, जिला पंचायत सदस्य सीमा सजवान, आरती नेगी सहित महकमों के अफसर व स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

### आरोप पत्र समय से नहीं भेजने पर एसएसपी ने जताई नाराजगी

पौड़ी। जिले के क्षेत्राधिकारियों व उनके पेशकारों के साथ वीसी के माध्यम से आयोजित बैठक में एसएसपी ने विभिन्न मामलों के आरोप पत्र, अंतिम रिपोर्ट समय से सीओ कार्यालय व कोर्ट में समय से नहीं भेजने पर नाराजगी जताई। एसएसपी श्वेता चौबे ने कहा कि समय से आरोप पत्र नहीं भेजने पर सीओ के पेशकारों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। एसएसपी ने कहा कि 1 अप्रैल से विवेचनाओं में आरोप पत्र और ई-फाईलिंग से संबंधित दस्तावेज स्केन करके ही अभियोजन कार्यालय समय से भेजे जाएंगे। समय से आरोप पत्र प्रेषित नहीं करने पर सीओ के पेशकारों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। एसएसपी ने साफ कहा कि विभिन्न लंबित विभागीय व प्रारंभिक जांचों को अनावश्यक लंबित ना रखा जाए। बैठक में ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी कोर्ट से प्राप्त समन, वारंटों की तामील समय से कराकर कोर्ट को अवगत कराने की जानकारी दी। एसएसपी ने सीएम हेल्प लाईन, मानवाधिकार, सेवा का अधिकार, सूचना अधिकार व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए।